

03

गीता जयंती महोत्सव अवसर पर निकाली झांकियां

# आज समाज

www.aajsamaaj.com

04

बच्चे में कोई जन्मजात विकार नजर आये तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें : डा. रितु



नई दिल्ली, पृष्ठ-04, सोमवार, 05 दिसंबर 2022

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र

विक्रमी संवत 2079, मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष त्रयोदशी, मूल्य 2.00 रुपए



### इंडियन राउंड के छात्र वर्ग में अग्रवाल कॉलेज का सौरव प्रथम

# अन्तर्महाविद्यालय तीरंदाजी प्रतियोगिता का अग्रवाल महाविद्यालय में हुआ आयोजन

आज समाज नेटवर्क

बल्लभगढ़। महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय रोहतक की अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में तीनदिवसीय अन्तर्महाविद्यालय तीरंदाजी प्रतियोगिता के प्रथम दिन इंडियन राउंड के छात्र वर्ग में अग्रवाल कॉलेज के सौरव ने प्रथम, साहिल ने द्वितीय तथा सचिन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं महिला वर्ग में निशा (एसएचएस, भिवानी) ने प्रथम, भूमिका (गवर्नमेंट कॉलेज ,बल्लभगढ़) ने द्वितीय स्थान तथा पूनम (सीएमआर कॉलेज,रोहतक) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय से सम्बंधित 15 महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने इंडियन राउंड मे भाग लिया। प्रतियोगिता के दूसरे दिन दिसंबर 2022 को रिकर्व राउंड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रिकर्व राउंड के छात्र वर्ग में राजकीय महाविद्यालय दुजाना के राहुल ने प्रथम,अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के विक्की हुड्डा ने द्वितीय तथा अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के सागर शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं सैनी महाविद्यालय रोहतक की निधि ने प्रथम, महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय रोहतक की निकिता ने द्वितीय स्थान तथा महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय रोहतक की हेमलता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त गुप्ता ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी और जिन खिलाड़ियों को हार का सामना करना पड़ा उन्हें थक कर ना बैठने की सलाह देते हुए और प्रयास करने के लिए प्रेरित किया। खिलाड़ियों को उत्साहित करने में महाविद्यालय के डीपी नन्द किशोर, डॉ जगबीर सिंह, मोहित हुड्डा व तीरंदाजी कोच लवकेश उपस्थित रहे।




अन्तर्महाविद्यालय तीरंदाजी प्रतियोगिता में भाग लेते हुए खिलाड़ी। आज समाज